संख्या–cm-146
13/02/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में रोहतास जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 13 फरवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में रोहतास जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में रोहतास समाहरणालय परिसर स्थित डी0आर0डी0ए0 सभागार में जिलास्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। इस समीक्षात्मक बैठक में रोहतास जिले के विधायकगण/विधान पार्षदगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में रोहतास के जिलाधिकारी श्री धर्मेंद्र कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जानेवाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना एवं मत्स्य संसाधन के विकास के संबंध में जानकारी दी। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु), हर खेत तक सिंचाई का पानी सहित अन्य योजनाओं के संबंध में भी मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गयी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का लाभ लोगों तक ससमय पहुंचायें, इसमें विलंब न करें। बच्चियों के जन्म से 2 वर्ष पूरे होने पर संपूर्ण टीकाकरण के पश्चात दी जाने वाली आर्थिक मदद सुनिश्चित करायें। जरूरत पड़ने पर कैम्प लगाकर इस योजना का लाभ तीव्र गति से लोगों तक पहुंचायें, यह बहुत आवश्यक है। उच्चतर शिक्षा हेतु इंटरमीडिएट और ग्रेजुएशन उतीर्ण करने वाली छात्राओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के भुगतान में देर न करें। इंटरमीडिएट पास अविवाहित छात्राओं और ग्रेजुएशन उतीर्ण करने वाली विवाहित एवं अविवाहित सभी छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का लाभ देना है। इस योजना से संबंधित जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उनका जल्द से जल्द निष्पादन करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में उपभोक्तओं को नॉमिनल दर पर बिजली उपलब्ध कराई जाती है। बिजली बिल में किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर गड़बड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाती है। बिहार देश का पहला राज्य है जहां उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम शुरू किया गया है। इसकी देश भर में तारीफ हो रही है। राज्य सरकार ने इस साल बिजली के मद में 7,800 करोड़ रुपये के अनुदान का भुगतान किया है। हमलोग कम दर पर लोगों को बिजली की अपूर्ति करा रहे हैं। लोगों को सहूलियत मिले इसके लिये अलग–अलग कैटेगरी में बिजली आपूर्ति की दर सुनिश्चित की गयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धान अधिप्राप्ति का काम तय मापदंडों के अनुरूप किया जा रहा है। इस वर्ष हमलोगों ने 45 लाख मीट्रिक टन धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया है। यहां आसपास के चार जिलों में बड़ी मात्रा में धान का उत्पादन होता है। सबसे स्वादिष्ट और बेहतर चावल का उत्पादन इन्हीं चार जिलों में होता है। बिहार के इन चार जिलों के अलावा यू0पी0 में भी लोग अरवा चावल खाते हैं। हम शुरू से ही इस इलाके का विजिट करते रहे हैं।

जिलाधिकारी रोहतास श्री धर्मेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री को पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

समीक्षा बैठक में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री सह रोहतास जिले के प्रभारी मंत्री श्री अशोक चौधरी, पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्रीमती अनिता देवी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान, पंचायती राज मंत्री श्री मुरारी प्रसाद गौतम, रोहतास जिले के विधान पार्षदगण, विधायकगण, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, सचिव भवन निर्माण एवं आयुक्त पटना प्रमण्डल श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पुलिस उप–महानिरीक्षक रोहतास प्रक्षेत्र श्री नवीन चंद्र झा, जिलाधिकारी रोहतास श्री धर्मेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक रोहतास श्री विनीत कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमलोगों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का निरीक्षण किया है। समाधान यात्रा का मकसद सरकार द्वारा कराये जा रहे कार्यों का जायजा लेना एवं समस्याओं को जानना है। इसी मकसद को लेकर हमलोग घूम रहे हैं। समीक्षा बैठक में सभी चीजों पर विस्तृत चर्चा होती है। अगर कही कोई कमी या समस्या है तो उस पर पूरी चर्चा होती है। समीक्षा बैठक में कुछ अधिकारी यहां मौजूद रहते हैं और कुछ पटना से जुड़े रहते हैं। समीक्षा बैठक में एक–एक चीज की जानकारी ली जाती है और उसके समाधान को लेकर निर्देश दिया जाता है। समाधान यात्रा के दौरान एक बार सभी इलाकों में घूमने के बाद हम एक बार फिर से अधिकारियों के साथ बैठक कर जानेंगे कि दिये गये निर्देशों पर आगे क्या काम हुआ है। समस्या के समाधान को लेकर जो कुछ भी करना होगा हमलोग करेंगे। सासाराम बहुत ही ऐतिहासिक स्थल है। आप लोगों को मालूम है कि हमलोग पहले भी इस इलाके में कितना घूमे हुये हैं। पहाड़ी समेत सभी जगहों पर जाकर हमलोग निरीक्षण करते रहे हैं। रोहतासगढ़ जाकर भी हमलोगों ने जायजा लिया है। यहां की हर चीज हमलोग देख चुके हैं। हम काफी पहले से यात्रा करते रहे हैं।

सासाराम के लोगों की मांग के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के लोगों की डिमांड ज्यादा नहीं है। कहीं–कहीं पर पानी आने से होने वाली दिक्कत और ड्रेनेज को लेकर

लोगों ने अपनी बातें कही हैं। लोगों की बातों को नोट कर लिया गया है। लोगों की समस्याओं का समाधान कराया जायेगा। इसी को लेकर हमलोग घूम रहे हैं। पहले की तुलना में यहां पर बहुत सारा काम कराया जा चुका है फिर भी अगर कहीं कोई काम बचा हुआ है तो उसको हमलोग पूरा करायेंगे।

केंद्रीय मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस के बिहार सरकार के गिरने वाले बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग ऐसा कह रहे हैं वे खुशी मनायें। इन सब बातों पर हम ध्यान नहीं देते हैं। इन सब बातों पर हम कोई नोटिस नहीं लेते हैं।

******